दैनिक
# न्याय साक्षी



## महत्वपूर्ण एवं खास

### छ.ग.विधानसभा का बारहवां सत्र 13 से 17 दिसम्बर तक

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ विधानसभा का बारहवां सत्र 13 से 17 दिसम्बर 2021 तक आहूत की गई है। कलेक्टर भीम सिंह ने उक्त सत्र में प्राप्त विधानसभा प्रश्नों का उत्तर तैयार कराकर निर्धारित समय-सीमा के भीतर शासन को उपलब्ध कराने हेतु अपर कलेक्टर रायगढ़ आर.ए.कुरूवंशी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। कलेक्टर सिंह ने विधानसभा प्रश्नों/ध्यानाकर्षण सूचना के संबंध में त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले में पदस्थ/कार्यरत समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से आदेशित किया है कि वे सक्षम प्राधिकारी के पूर्वानुमति के बिना न ही अवकाश पर रहेंगे और न ही मुख्यालय त्यागेंगे।

### विधानसभा अध्यक्ष से मिले अल्पसंख्यक आयोग कल्याण समिति के नवनियुक्त सदस्य मिले

**रायगढ़ (आरएनएस)।** अल्पसंख्यक आयोग कल्याण समिति के सदस्य शेख ताजीम के नेतत्व में अल्पसंख्यक आयोग कल्याण समिति के सदस्यो ने विधानसभा स्पीकर को पुष्पगुच्छ भेंट कर मुलाकात किया और नवनियुक्त सदस्यों की पारदर्शिता के साथ नियुक्ति के लिये धन्यवाद ज्ञापित किया। विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत के रायगढ़ आगमन पर अल्पसंख्यक वर्ग ने होटल अंश में मुलाकात कर अपने वर्ग के हित में अपनी बात रखी। साथ ही सदस्यों के नवनियुक्ति में पारदर्शिता के लिये आभार ब्यक्त किया।अध्यक्ष चरणदास महंत ने भी सदस्यों को बधाई देते हुए कर्मठता के साथ अपने वर्ग को राज्य की योजनाओं का लाभ दिलाने कहा। मुलाकात करने वालो में अल्पसंख्यक आयोग कल्याण समिति के सदस्य उमेश तिर्की, सुनील आनंद,सुषमा कुजूर जोसेफ़ लकड़ा शामिल रहे।

### 60 कट्टा धान का अवैध परिवहन करते पकड़ा गया ट्रैक्टर

**जगदलपुर (आरएनएस)।** बुधवार से शुरु होने वाली समर्थन मूल्य पर धान खरीदी को देखते हुए गड़बड़ी रोकने के लिए प्रशासन द्वारा किए जा रहे प्रयासों को कामयाबी मिली, जब बकावंड तहसील के मोखागांव में धान का अवैध परिवहन करते हुए 60 कट्टा धान के साथ ट्रैक्टर को पकड़ा गया। राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त कार्यवाही में पकड़े गए इस ट्रैक्टर पर कलेक्टर श्री रजत बंसल के निर्देश पर मंडी एक्ट के तहत कार्यवाही की जा रही है।

### चलती वैन में लगी आग जलकर हुई खाक

**जगदलपुर (आरएनएस)।** नगरनार थाने से कुछ दूर चोकावाड़ा के निकट सोमवार की दोपहर एक चलती वैन में आग लग गई। आग लगने की जानकारी मिलते ही मौके पर 112 और फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची और आग पर काबू पाया। पुलिस के अनुसार ओडिशा के चांदली निवासी मोतीराम हरिजन अपनी मारूति वैन को बनवाने के लिए चोकावाड़ा आए हुए थे। यहां से वैन बनवाकर जब वे लौट रहे थे तो अचानक ही वैन से पहले धुंआ उठा और फिर उसमें आग लग गई। आग लगने की घटना के कुछ देर बाद ही फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची और आग पर काबू पाया। तब तक पूरी वैन जलकर खाक हो गई।

# मनरेगा के कार्यों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने हुआ एक दिवसीय कार्यशाला



**रायगढ़।** जनपद पंचायत लैलूंगा में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत कार्यक्रम में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी एवं भूमिका को और अधिक मजबूती प्रदान करने के लिए जनपद पंचायत लैलूंगा एवं प्रदान (एनजीओ) के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन जनपद पंचायत लैलूंगा में किया गया।

कार्यक्रम में विभिन्न पंचायतों से लगभग 50 महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मनरेगा योजना अंतर्गत मेट का आधारभूत प्रशिक्षण जिसमें महिला मेट की भागीदारी बढ़ाने के साथ-साथ गांव में मनरेगा अंतर्गत विभिन्न कार्यो में श्रमिकों के रूप में महिला श्रमिकों की संख्या एवं प्रतिशत में बढ़ोतरी हो। मनरेगा के कार्यों में मेट की भूमिका एवं कार्यों की जानकारी और उनकी समीक्षा की गई। मेट के माध्यम से जॉब कार्ड निर्माण की प्रक्रिया, हितग्राही मूलक कार्यों का चयन एवं निर्माण प्रक्रिया जैसे कार्यों पर चर्चा की गई। कार्यों के पश्चात मजदूरी भुगतान में आने वाली समस्याओं और उसके समाधान में महिला मेट की भूमिका पर विस्तृत चर्चा की गई।

कार्यशाला में महिलाओं को मेट के माध्यम से गोदी माप, कुआं निर्माण में विभिन्न माप की प्रक्रिया जैसे अन्य कार्यों की आधारभूत जानकारी प्रदान की गई। कार्यशाला में बताए गए सभी आधारभूत जानकारी के आधार पर सामान्य परीक्षा का भी आयोजन किया गया। मनरेगा के कार्यों को जमीनी स्तर पर समझने के लिए दिसम्बर माह के तीसरे सप्ताह में क्षेत्र भ्रमण और प्रदर्शन की योजना भी बनाई गई हैं। इस कार्यशाला का संचालन और तकनीकी जानकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा एसडीओ संदीप मेहर एवं मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी लैलूंगा दीपक कुमार एक्का द्वारा दिया गया। कार्यशाला के सफल आयोजन के लिए महिलाओं ने जनपद पंचायत लैलूंगा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एस.एस.रात्रे एवं प्रदान (एनजीओ) टीम का हृदय से आभार व्यक्त किया।

# शादी कार्यक्रम में शामिल होने गये परिवार के घर चोरी




**रायगढ़।** थाना छाल में नवापारा छाल में रहने वाले रामकुमार चन्द्रा पिता स्व. रेशम लाल चन्द्रा द्वारा दिनांक 29/11/2021 की रात्रि अज्ञात आरोपी द्वारा घर से सोने-चांदी के जेवरात व नकदी रकम चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

रिपोर्टकर्ता ने बताया कि इनका घर नवापारा बाजार के पास है। इनके भतीजे की शादी गांव बस्ती के पुराने घर में हो रहा थी। कल दिनांक 29.11.2021 के रात्रि करीब 08.00 बजे रामकुमार चन्द्रा घर में ताला बंद कर अपने भतीजा के शादी में अपने परिवार सहित शामिल होने बस्ती घर में गये थे। शादी घर से रात करीब 10.15 बजे वापस आये तो देखे कि घर के पीछे तरफ का चैनल गेट का ताला तोडकर दरवाजा का कुन्डी उखाड कर अज्ञात चोर घर घुसकर आलमारी में रखे सोने का 03 नग चैन, गले का हार, अगुठी 04 नग, मंगल सुत्र, कंगन, बाला व चांदी के जेवरात 25 तौला कुल कीमती 6,72,750 व नकदी रकम 5,000 को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया था। चोरी की रिपोर्ट पर थाना छाल में अज्ञात आरोपी पर नकबजनी का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी को विधानसभा अध्यक्ष डॉ.चरणदास महंत ने दी श्रद्धांजलि



**रायगढ़।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ.चरणदास महंत ने आज शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी के घर पहुंच कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने उनके पिता सुभाष त्रिपाठी और छोटे भाई लेफ्टिनेंट कर्नल अनय त्रिपाठी व परिजनों से मिलकर सांत्वना दी।

इस दौरान विधायक रायगढ़ प्रकाश नायक, महापौर श्रीमती जानकी काटजू, सभापति जयंत ठेठवार, अनिल शुक्ला, जगदीश मेहर, दिनेश जायसवाल, विष्णु तिवारी, हरेराम तिवारी, गणेश कछवाहा, अशोक अग्रवाल, उमाशंकर पटेल एवं एसडीएम युगल किशोर उर्वशा उपस्थित रहे।

# नगरीय निकाय आम/उप निर्वाचन 2021: अधिकारी-कर्मचारियों के अवकाश पर प्रतिबंध




**रायगढ़ ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रायगढ़ ने आदेश जारी किया है कि नगरीय निकाय निर्वाचन के लिए कार्यक्रम जारी किए जाने के साथ ही निर्वाचन घोषणा तिथि से आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील होने के साथ ही निर्वाचन समाप्ति तक लागू रहने के फलस्वरूप नगरीय निकाय निर्वाचन 2021 की प्रक्रिया के दौरान जिले में पदस्थ अधिकारी/कर्मचारी बिना अनुमति अवकाश पर प्रस्थान नहीं करेंगे। साथ ही मुख्यालय परित्याग करने के साथ सभी प्रकार के अवकाश को प्रतिबंधित किया गया है।

उक्त आदेश के जारी होने के उपरांत कार्यालय को विभिन्न प्रकार के अवकाश एवं मुख्यालय परित्याग के आवेदन प्राप्त हो रहे है, ऐसी परिस्थिति में जिले के विकासखण्ड/ नगरीय क्षेत्र रायगढ़ एवं सारंगढ़ को छोड़कर शेष विकासखण्ड/नगरीय क्षेत्र के समस्त कार्यालय प्रमुख निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान उनके अधीनस्थ अधिकारी-कर्मचारी के सभी प्रकार को अवकाश कार्यालय प्रमुख अपने स्तर से नियमानुसार निराकरण करेंगे। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

### रायगढ़ एवं सारंगढ़ के लिए सामान्य प्रेक्षक नियुक्त

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी भीम सिंह ने नगरीय निकाय आम/उप निर्वाचन 2021 के लिए नगर पालिक निगम रायगढ़ एवं नगर पालिका परिषद सारंगढ़ हेतु सामान्य प्रेक्षक एवं इनके सहयोग हेतु लाइजनिंग आफिसर नियुक्त किया है।

नगर पालिक निगम रायगढ़ वार्ड क्रमांक 9 एवं 25 के लिए एवं नगर पालिका परिषद सारंगढ़ संपूर्ण वार्ड 1 से 15 तक के लिए अपर प्रधान मुख्य वन वन संरक्षक कौशलेन्द्र कुमार को सामान्य प्रेक्षक बनाए गए है। साथ इनके सहयोग के लिए उप वनमंडलाधिकारी वन मंडल रायगढ़ आर.आर.पैंकरा को लाइजनिंग आफिसर बनाए गए है।

# धन्वंतरी योजना के लाभार्थियों से कलेक्टर भीम सिंह ने की चर्चा




**रायगढ़ ।** प्रदेश की जनता को रियायती दरों पर दवा उपलब्ध कराने के लिए नगरीय क्षेत्रों में धन्वंतरी दवा योजना का शुभारंभ 20 अक्टूबर 2021 को किया गया था। छत्तीसगढ़ सरकार ने आधी कीमत पर दवा उपलब्ध कराने के लिए राज्य के 169 शहरों में 188 दवा दुकानें खोलने का फैसला किया है। रायगढ़ जिला मुख्यालय में अशर्फी देवी महिला चिकित्सालय एवं पुराना सारंगढ़ बस स्टैंड में धन्वंतरी दवा योजना अंतर्गत दवा दुकान खोली गई हैं। जिसमें मरीजों को अधिकतम खुदरा बिक्री मूल्य में 50 प्रतिशत से अधिक की छूट दी जा रही है। योजना का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार के साथ-साथ सस्ती दवाईयां सभी की पहुंच में हो सके जिससे कि दवाइयों पर होने वाले खर्च का बोझ कम हो सके। इस योजना के माध्यम से सब्बो स्वस्थ्य जम्मों सुघर की परिकल्पना को साकार करने में सफलता मिल सके।

योजना के सुचारू संचालन एवं व्यवस्था का जायजा लेने के लिए कलेक्टर भीम सिंह ने वीडियो कॉल के माध्यम से धनवंतरी दवा योजना के लाभार्थियों से चर्चा किए। चर्चा के दौरान लाभार्थी ने अधिकतम खुदरा बिक्री मूल्य में 50 प्रतिशत से अधिक की छूट मिलने तथा दवाइयों के खर्च का बोझ कम होने पर शासन-प्रशासन का हृदय से आभार व्यक्त किया।

# धरमजयगढ़ पुलिस गांव में चौपाल लगाकर ग्रामीणों को कर रही ऑनलाइन ठगी से सतर्क




**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन पर थाना धरमजयगढ़ के पुलिसकर्मियों प्रतिदिन अपने-अपने बीट में चौपाल लगाकर रहवासियों को साइबर क्राईम की जानकारी के बचाव के उपाय बताये जा रहे हैं।

इसी क्रम में आज दिनांक 30/11/2021 को थाना प्रभारी धरमजयगढ़ निरीक्षक विजय पैंकरा के मार्गदर्शन पर आरक्षक धनुर्जय चंद बेहरा, आरक्षक धनेश उरांव और महिला आरक्षक मंगरीता पैंकरा द्वारा अपने-अपने बीट में जन चौपाल लगाकर रहवासियों को अपराधों के प्रति जागरूक किया गया। ग्राम नकना में चौपाल आरक्षक धनुर्जय बेहरा ग्रामीणों को ऑनलाइन ठगी, सोना-चांदी, बर्तन चमकाने वालों से सतर्क रहने, अवैध शराब बेचने वालों की जानकारी देने तथा महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी दिया गया है।

# धान खरीदी केंद्रों में रायगढ़ जिला किसान कांग्रेस द्वारा किसान सहयोग समिति गठन की सूची जारी



**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी के प्रभारी पी एल पुनिया जी भूपेश बघेल जी छत्तीसगढ़ शासन, व छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष माननीय मोहन मरकाम जी, संगठन महामंत्री प्रभारी चंद्रशेखर शुक्ला जी, रवि घोष जी, छत्तीसगढ़ किसान कांग्रेस के नवनियुक्त रामविलास साहू जी प्रदेश किसान कांग्रेस के संयोजक लाल बहादुर चंद्रवंशी जी के निर्देशानुसार रायगढ़ जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अरुण मालाकार जी की अनुमति से रायगढ़ किसान कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष राजा शर्मा द्वारा रायगढ़ जिला के समस्त धान खरीदी केंद्रों में किसान सहयोग समिति का गठन किया गया है जिसकी दिनांक 30,11, 2021 को सूची जारी की है जिसमें रायगढ़ जिला के सारंगढ़ पुसौर तमनार घरघोड़ा लैलूंगा एवं कापू इन सभी ब्लॉकों की सूची आज जारी की गई, तथा शेष धान खरीदी केंद्रों में किसान सहयोग समिति की सूची जल्द जारी की जाएगी किसान सहयोग समिति का उद्देश्य धान खरीदी केंद्रों में किसानों को मदद करने हेतु तथा धान खरीदी के समय में किसानों को होने वाली असुविधा को दूर करने के लिए समिति द्वारा मदद की जावेगी तथा धान खरीदी केंद्रों पर निगरानी रखते हुए पंजीकृत किसानों के धान खरीदी में सहयोग प्रदान करेंगे।

# प्लेसमेंट का आयोजन 3 दिसम्बर को



**रायगढ़।** निजी क्षेत्र की रिक्तियों में प्लसेमेंट को बढ़ावा देने के लिए 03 दिसम्बर 2021 को प्रातः 10:30 बजे, स्थान-जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र रायगढ़ में प्लेसमेंट का आयोजन किया गया है। योग्यताधारी आवेदक समस्त मूल प्रमाण पत्रों के साथ उपस्थित होकर प्लेसमेंट कैम्प में भाग ले सकते है। विस्तृत जानकारी रोजगार कार्यालय से प्राप्त कर सकते है।

प्लेसमेंट कैम्प में जिन पदों पर भर्ती किया जाना है इनमें राजेन्द्र कुमार जैन, प्रधान संपादक छ.ग. का पहरेदार, साप्ताहिक समाचार पत्र मंजूषा निवास देवीगंज रोड अम्बिकापुर छ.ग. में जिला ब्यूरो के एक पद योग्यता-स्नातक उत्तीर्ण, कम्प्यूटर ऑपरेटर-एक पद 12 वीं उत्तीर्ण, कार्यालय सहायक-एक पद के लिए 10 वीं उत्तीर्ण एवं सिटी रिपोर्टर 10 पद के लिए कक्षा 10 वीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

इसी तरह मे.ए.सी. जीओएस कंपनी बेसिल ब्रम्ह रोड अम्बिकापुर छ.ग. में डिजीटल डोर नंबरिंग सर्वेयर 12 पद के लिए कक्षा 12 वीं उत्तीर्ण एवं श्रमिक सवे सर्वेयर के 8 पद हेतु स्नातक, स्नातकोत्तर उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

# कोरोना रोकथाम के लिए मॉस्क लगाएं एवं सोशल डिस्टेसिंग का करें पालन सीएमएचओ डॉ.केशरी ने किया जिलेवासियों से अपील



**रायगढ़।** वर्तमान में जिले में कोरोना का ग्राफ बढ़ रहा है, कोरोना के केस के बढ़ती हुई स्थिति को देखते हुए सीएमएचओ डॉ.एस.एन.केशरी ने समस्त जिलेवासियों से आग्रह किया है कि सभी नियमित मास्क लगायें व सामाजिक दूरी का पालन करें। भीड़-भाड़ वाली जगहों पर जाने से बचें। अभी शादियों का सीजन है, इसलिये घरेलू कार्यक्रमों में भीड़ ज्यादा न बढ़ायें। घर में बने ताजा और गर्म खाद्य पदार्थो का सेवन करें, ठंडे एवं बांसी खाने से बचें।

कोरोना के संक्रमण से स्वस्थ रहने के लिये नियमित व्यायाम एवं योगा करें। यदि अभी भी कोई व्यक्ति कोविड-19 वैक्सीन न लगाया हो तो तुरंत वैक्सीन लगवा लें और स्वयं एवं परिवार को सुरक्षित रखें। कोई भी व्यक्ति अपने रिपोर्ट कोरोना पॉजीटिव आने पर घबरायें नहीं, धैंर्य से काम लें तथा क्वारेंटाइन में रहते हुए नियमित दवाईयो का सेवन करें और कोरोना संक्रमण को फैलने से बचाएं। भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर बिना मास्क के पाये जाने वाले व्यक्तियों जिला प्रशासन द्वारा अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी। अतएव बिना मास्क के घर से न निकले।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480